**जोशीमठ में केन्द्रीय विद्यालय**

545. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में जोशीमठ नामक स्थान पर केन्द्रीय विद्यालय के पास न तो अपना भवन है और न ही इसमें बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) विद्यालय का पक्का भवन कब तैयार होने और पर्याप्त संख्या में शिक्षकों की व्यवस्था कर दिये जाने की संभावना है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (डा॰ मुरली मनोहर जोशी):** (क) से (ग) जोशीमठ स्थित केन्द्रीय विद्यालय का कोई स्थाई स्कूल भवन नहीं है क्योंकि राज्य सरकार ने इसके निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं कराई है। इस स्कूल में शिक्षकों के 21 संस्वीकृत पदों (प्रधानाचार्य को छोड़कर) में से 6 रिक्तियां—03 स्नातकोत्तर शिक्षकों और 03 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों की हैं। स्नातकोत्तर शिक्षकों की भर्ती संबंधी कार्रवाई उन्नत चरण पर है और अन्य रिक्तियां भरने के लिए विज्ञापन जारी किया जा रहा है।

**Implementations of DPEP in North-Eastern States**

546. SHRI KHAGEN DAS: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the District Primary Education Programme funded by the World Bank has not been implemented in all the North-Eastern States, except Assam;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) whether the Central Government would provide funds under its own Plan for implementing this project in the North-East?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) District Primary Education Programme is funded by external assistance. External funding agencies have not shown willingness to provide funds for the programme in these States. For reason of inadequate resource availability, the programme could not be expanded with domestic resources. Subject to availability of funds, the requests of North-Eastern States will be kept in view while considering expansion of programme.

**Children enrolled in the 1st Standard**

547. DR. (Ms.) P. SELVIE DAS: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state how many children were enrolled during the Eighth Five Year Plan period in the 1st Standard of primary education at the age of six, State-wise and sex-wise?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): According to available information, enrolments at primary level increased from 9.96 crore to 11.04 crore during the Eighth Five Year Plan (1992—97). The increase was 46 lakh in case of boys and 62 lakh for girls. Information regarding age specific enrolment in each class at primary stage is not collected.

**उच्चतर शिक्षा के लिए शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाना**

548. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उच्चतर शिक्षा के संबंध में शुल्क ढांचे को युक्ति संगत बनाने के लिए प्रस्ताव को स्वीकृत किया है;

(ख) क्या उक्त उद्देश्य के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम में कोई संशोधन किया गया है;

(ग) वे कौन-कौन से राज्य हैं जिन्हें इस ढांचे के अन्तर्गत प्राथमिकता दी गई है, और प्रारंभ की गई उच्चतर शिक्षा योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में उड़ीसा और गुजरात राज्यों को प्राथमिकता भी दी है?